दिन– गुरूवार दिनांक– 27 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल दस लाख जीविका दीदियों के बैंक खातों में मुख्यमंत्री महिला राजगार योजना के तहत दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे।

02. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने देश भर में दो करोड़ से ज्यादा मृत लोगों के आधार नंबर हटाये।

03. प्रदेश में मोंथा तूफान के प्रभाव से हुई फसल क्षति के लिए किसानों को मिलेगा कृषि अनुदान। प्रभावित किसान दो दिसम्बर तक कर सकते हैं आवेदन।

04. और, ईओयू ने आय से अधिक सम्पत्ति मामले में समस्तीपुर के रोसड़ा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के विभिन्न ठिकानों पर की छापेमारी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल दस लाख जीविका दीदियों के खातों में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र की नौ लाख पचास हजार और शहरी क्षेत्र की पचास हजार महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जायेगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि चौदह दिसम्बर तक सभी पात्र जीविका दीदियों के खातें में राशि अंतरित करना सुनिश्चित किया जा रहा है। इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ चालीस लाख महिलाओं के बैंक खाते में योजना की राशि भेजी जा चुकी है।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में डेयरी का एक अलग विभाग बनाया जायेगा। पटना में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में श्री चौधरी ने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक प्रस्ताव भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि सड़कों पर आवारा घुमने वाली मवेशियों को प्रखंड स्तर पर रखने के लिए भी राज्य सरकार कार्ययोजना बना रही है।

---

प्रदेश में पिछले दिनों मोंथा तूफान के प्रभाव से हुई फसल क्षति के लिए प्रभावित किसानों को कृषि अनुदान दिया जायेगा। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने बताया कि इसके लिए प्रभावित बारह जिलों में सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है। श्री यादव ने बताया कि कृषि इनपुट अनुदान योजना के अन्तर्गत जिन रैयत और गैर रैयत किसानों की फसले तैंतीस प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त हुई है, उन्हें इस योजना का लाभ दिया

जायेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रभावित किसान दो दिसम्बर तक अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रभावित जिलों में पूर्वी चम्पारण, बेगूसराय, कैमूर, मधुबनी, किशनगंज, गयाजी, भोजपुर, मधेपुरा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, शिवहर और सुपौल शामिल है।

---

प्रदेश में जीविका दीदियां पिंक बस भी चलायेंगी। इसके लिए उन्हें ड्राईवर और कंडक्टर का प्रशिक्षण दिया जायेगा। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इच्छुक जीविका दीदियों को शुरूआत में पटना या औरंगाबाद के ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण दिया जयेगा। इसके लिए ड्राइविंग लाईसेंसधारी जीविका दीदियां पन्द्रह दिसम्बर तक आवेदन कर सकती हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में वर्तमान में सौ पिंक बसें चल रही हैं।

---

राज्य में राशन कार्ड से वंचित लाभुकों का विशेष शिविर लगाकर राशन कार्ड बनाया जायेगा। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने इस संबंध में सभी जिलों को निर्देश दिया है। इसके तहत प्रखंड स्तर पर शिविर लगाया जायेगा। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को खाद्यान्न की अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने और खराब गुणवत्ता के खाद्यान्न के लिए दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये हैं।

---

प्रदेश की सभी पंचायतों में नब्बे दिनों के भीतर स्ट्रीट लाईट लगेगी। इसके अलावा पांच हजार से अधिक पंचायतों में पंचायती भवन का निर्माण भी जल्द किया जायेगा। पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक के बाद उन्होंने बताया कि अब तक आठ लाख से अधिक पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाईट लगायी जा चुकी है।

---

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण –यूआईडीएआई ने आधार आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने के लिए देश भर में दो करोड़ से ज्यादा मृत लोगों के आधार नंबर हटा दिए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि यूआईडीएआई ने यह डेटा भारत के महापंजीयक कार्यालय तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लिया है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मेंटेनेंस अभियान चलाया जायेगा। ऊर्जा सचिव सह बिजली कम्पनी के सीएमडी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मेंटेनेंस का कार्य अगले वर्ष जुलाई से सितम्बर के बीच होने वाले पीक डिमांड से पहले पूरा कर लिया जायेगा। इस संबंध में अभियंताओं को निर्देश दिये गये हैं।

---

विधानसभा चुनाव के नतीजों की समीक्षा के लिए कांग्रसे ने नई दिल्ली में सभी उम्मीदवारों की बैठक बुलाई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस बैठक में विधानसभा चुनाव में जीते और हारे सभी उम्मीदवारों को बुलाया गया है। इधर, राष्ट्रीय जनता दल ने विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के कारणों की सीटवार समीक्षा शुरू कर दी है। दो चरणों में होने वाली समीक्षा बैठक के दौरान हारी हुई एक सौ उन्नीस सीटों के उम्मीदवारों को बारी–बारी से बुलाया गया है। समीक्षा का पहला चरण तीस नवम्बर तक और दूसरा चरण छह से नौ दिसम्बर तक चलेगा।

---

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में कमी आने के साथ ही ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सबसे कम नौ दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान बक्सर में दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान चौदह दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतर स्थानों पर तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। वहीं, एक दो स्थानों पर सुबह के समय हल्के से माध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने के आसार है।

---

धुंध और ठंड में बढ़ोतरी के साथ ही प्रदेश के विभिन्न शहरों की हवा लगातार प्रदूषित हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना समेत सत्रह शहरों की हवा प्रदूषित रही। इस दौरान दो सौ सैंतीस वायु गुणवत्ता सूचकांक के साथ अररिया प्रदेश का सबसे प्रदूषित स्थान रहा। वहीं, सासाराम का एक्यूआई एक सौ छप्पन, हाजीपुर का एक सौ अड़तालीस और पटना का एक्यूआई एक सौ सैंतालीस दर्ज किया गया। इस अवधि में पैंतालीस एक्यूआई के साथ किशनगंज की हवा सबसे स्वच्छ रही।

---

विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेले में यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए स्थानीय अनुमंडल पदाधिकारी ने सोनपुर और हाजीपुर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। जारी निर्देश के अनुसार प्रत्येक शनिवार और रविवार को सुबह आठ बजे से रात्रि ग्यारह बजे तक पुराने और नये गंडक पुल पर यातायात की वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है। यह व्यवस्था मेला समाप्ति होने यानि दस दिसम्बर तक लागू रहेगी।

---

भारत वर्ष दो हजार तीस में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा। राष्ट्रमंडल खेल अहमदाबाद में आयोजित किए जाएंगे। भारत दूसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करने जा रहा है। इससे पहले नई दिल्ली में दो हजार दस में इन खेलो का आयोजन किया गया था। खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडवयिा ने सौवें राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी भारत को मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

———बाईट———

हमारे लिए ये गेम्स भारत में आयोजित हो रहे हैं, इसलिए मुझे विशेष गर्व भी है, खुशी भी है। मोदी जी के नेतृत्व में स्पोर्ट्स सेक्टर बदल रहा है। पिछले एक दशक में देश के अलग–अलग 18 से अधिक सिटी में 22 से अधिक बड़ी टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। ये बता रहा है कि देश बड़ी टूर्नामेंट के लिए वर्ल्ड कप लेबल की गेम्स कराने के लिए अपनी क्षमता को दर्शा रहा है।

---

तमिलनाडु के थेनी में खेले गये कूच बिहार ट्रॉफी एलीट ग्रुप मुकाबले में तमिलनाडु ने बिहार को एक पारी और उनसठ रनों से हरा दिया है।

वहीं, सैयद मुश्ताक अली टी ट्वेंटी टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप मुकाबले में भी बिहार को अपने पहले मैच में ही हार का सामना करना पड़ा है। कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में चंडीगढ ने बिहार की टीम को छह विकेट से पराजित किया। मैच में कप्तान सकीलबुल गनी ने छत्तीस रन की पारी खेली। उप कप्तान वैभव सूर्यवंशी ने चार गेंदों पर दो छक्कों की मदद से चौदह रन बनाये।

इधर, राजस्थान के बीकानेर में खेले जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गैम्स में पटना की खुशी कुमारी ने भारत्तोलन में कांस्य पदक जीता है। खुशी ने स्नैच और क्लीन एंड जर्क स्पर्धा में कुल एक सौ तिरासी किलोग्राम उठाया।

---

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू की एक टीम ने आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में समस्तीपुर जिले के रोसड़ा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा के आवास और पटना स्थित ठिकानों पर छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान दस लाख रूपये से अधिक नकद के अलावा आभूषण और जमीन की चौदह डीड बरामद की

गयी है। ईओयू, पटना के पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार ने बताया कि आय से अधिक संपत्ति की शिकायत के बाद निगरानी थाना में मामला दर्ज किया गया था।

---

पश्चिम चम्पारण जिले की मझौलिया थाना क्षेत्र की पुलिस ने पारस पकड़ी सरिसवा रोड पर वाहन जांच के दौरान बारह किलो चरस के साथ एक अंतरराष्ट्रीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। बेतिया सदर एसडीपीओ विवेक दिप ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान नेपाली नागरिक के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि जब्त चरस की अंतरराष्ट्रीय कीमत एक करोड बीस लाख रूपये है।

---

इंडोनेशिया का जकार्ता चार करोड़ उन्नीस लाख लोगों के साथ दुनिया का सबसे बड़ा शहर बन गया है। उसने जापान के तोक्यो को पीछे छोड़ दिया है। बांग्लादेश का ढाका तीन करोड़ छियासठ लाख की आबादी के साथ दूसरे स्थान पर है। तैंतीस में से उन्नीस महानगरों के साथ एशिया का इस रिपोर्ट में दबदबा है। इनमें नई दिल्ली, कोलकाता और चीन का शंघाई भी शामिल हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मेडिकल दाखिले के नाम पर सौ करोड़ ठगे, दो गिरफ्तार।

दैनिक जागरण लिखता है– एससी छात्रों को सालाना दो लाख रूपये तक मिलेगी छात्रवृत्ति।

प्रभात खबर ने बिहार बोर्ड के हवाले से लिखा है– **आंसर–की** पर आपत्ति के लिए नई व्यवस्था लागू। अधिकतम दो सौ पचास रूपये लगेंगे।

दैनिक भास्कर अपनी विशेष खबर में लिखता है– टीआरई–फोर दिसम्बर में नहीं, इकतीस जिलों ने रिक्तियां ही नहीं भेजी।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– आईआरसीटीसी होटल घोटाला मामले में राबड़ी की न्यायाधीश बदलने की याचिका पर सीबीआई को नोटिस।

आज अखबार के शब्द है–आईएएस संजीव हंस के करीबी ठेकेदार रितुश्री पर ईडी की कार्रवाई।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल दस लाख जीविका दीदियों के बैंक खातों में मुख्यमंत्री महिला राजगार योजना के तहत दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे।

02. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने देश भर में दो करोड़ से ज्यादा मृत लोगों के आधार नंबर हटाये।

03. प्रदेश में मोंथा तूफान के प्रभाव से हुई फसल क्षति के लिए किसानों को मिलेगा कृषि अनुदान। प्रभावित किसान दो दिसम्बर तक कर सकते हैं आवेदन।

04. और, ईओयू ने आय से अधिक सम्पत्ति मामले में समस्तीपुर के रोसड़ा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के विभिन्न ठिकानों पर की छापेमारी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।